was by AECS teachers who performed Rajasthani folk dance. It's interesting to note that all the performers were above 40 yrs of age. Mrs. Ambika Sharma lightened the mood by telling jokes in her imitable Hindi and English. Mrs. Kirti Barpande proposed vote of thanks for post-lunch session. The programme was ended with evening tea and enigmatic discussions on the present and future program.

*Reported by:*
*Alka Ingale (alka@rrcat.gov.in)*

## N.7: RRCAT scientist honoured

Dr. S K Majumder was felicitated with the "The Excellence Award" by the Rotary Club of Indore City (a service club of the Rotary International) in recognition to his contributions to research in the field of cancer diagnosis using optical spectroscopic methods. The award comprised a citation and was presented to him by the Hon'able Member of Parliament Shri Shatrughan Sinha at the Annual Function of the Rotary Club held at Hotel Sayaji on July 13, 2009.



## N.8: IPA Award for RRCAT Scientist

Dr. Tapas Ganguli was awarded the "N. S. Satyamurthy Award" of Indian Physics Association (IPA) in physics for the year 2008, in recognition of his contribution to growth and characterization of semiconductor films and semiconductor devices, and in particular for his work on epitaxial semiconductor layers and their high resolution X-ray diffraction studies. The award was presented by Prof. Bikash Sinha, President IPA, in a ceremony held at Homi Bhabha Science Center, Mumbai on 20th March, 2009. The award comprised a citation and a cash prize of Rs. 10,000.

## N.9: राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा जनवरी 2009 से आयोजित हिन्दी की विभिन्न गतिविधियाँ :

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :

दिनांक 14 जनवरी 2009 को केन्द्र में विश्व हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ''आर्थिक मंदी'' तथा ''एलएचसी-महामशीन'' विषय पर क्रमशः मुख्य वार्ताकार एवं मुख्य अतिथि श्री मनीष उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार नईदुनिया तथा श्री पुरुषोत्तम श्रीवास्तव, प्रमुख स्पंदित उच्च शक्ति सूक्ष्म तरंग अनुभाग, आरआरकेट, ने रोचक सूचनाप्रद तथा ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया एवं केन्द्र के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इन्दौर की 49वीं बैठक का आयोजन दिनांक 27 जनवरी, 2009 (मंगलवार) को अपराह्न 3.00 बजे इन्दौर के सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स ''ए'' विंग, पत्र सूचना कार्यालय स्थित सभाकक्ष (मीडिया सेंटर) में केन्द्र के निदेशक महोदय की अध्यक्षता में किया गया इस अवसर पर नराकास की गृह पत्रिका 'दिशा' के चतुर्थ अंक का विमोचन डॉ. विनोदचंद्र साहनी, निदेशक, आरआरकेट एवं अध्यक्ष, नराकास द्वारा किया गया तथा नाराकास द्वारा वर्ष 2008 के दौरान इन्दौर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

विज्ञान एवं तकनीकी के अग्रणी क्षेत्रों में त्वरक विषय पर दिनांक 20 मार्च 2009 को आरआरकेट एवं यूजीसी- डीएई- सीएसआर द्वारा संयुक्त रूप से हिन्दी में एक दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन श्री गोविन्दराम सेक्सरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इन्दौर के गोल्डन जुबली सभागृह में किया गया। इसमें कुल 8 व्याख्यान आयोजित किए गए।

इस अवसर पर केन्द्र की गृह पत्रिका ''प्रगति'' के 21वें अंक तथा वैज्ञानिक संगोष्ठी के दौरान किए गए व्याख्यानों पर आधारित स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. दीनदयाल सूद, पूर्व ग्रुप निदेशक, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, मुम्बई ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी.के. गुप्ता, प्रमुख लेसर पदार्थ विकास एवं युक्ति प्रभाग तथा लेसर जैव चिकित्सा अनुप्रयोग एवं यंत्रीकरण प्रभाग, आरआरकेट, ने की। स्वागत भाषण मेजबान कार्यालय प्रमुख एवं संस्थान के निदेशक प्रो. पी.के. सेन ने दिया। यूजीसी-डीएई सीएसआर के निदेशक तथा वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. रमाचारी ने भी अपना-अपना उद्‍भोदन दिया। संगोष्ठी के उद्‍घाटन सत्र का संचालन सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया। उक्त संगोष्ठी के तीन सत्रों की अध्यक्षता क्रमशः यूजीसी-डीएई- सीएसआर के केन्द्र निदेशक, प्रो. अजय गुप्ता, राजभाषा भूषण से सम्मानित श्री सत्यनारायण व्यास, पूर्व वैज्ञानिक अधिकारी- (जी), आरआरकेट तथा प्रो. (श्रीमती) प्रतिभा सेन, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर ने की।

एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कम्प्यूटर कार्यशाला का आयोजन दिनांक 31 मार्च, 2009 को इस केन्द्र के कम्प्यूटर केन्द्र के यूजर हॉल में किया गया जिसमें 03 अधिकारियों एवं 20 कर्मचारियों को यूनीकोड, इंटरनेट पर उपलब्ध हिन्दी वेबसाइटों की जानकारी, हिन्दी में ई-मेल भेजने एवं हिन्दी में कम्प्यूटर पर कार्य करते समय आने वाली समस्याओं को दूर करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्र में दिनांक 06-05-2009 को अपराह्न 3.30 बजे व्याख्यान कक्ष नं. 1 में चिकित्सा व्याख्यान का आयोजन किया गया डॉ. संदीप जुलूका, एम.डी. अपोलो चिकित्सालय, इन्दौर ने ''चिरकालिक बीमारियों के निदान के लिए जीवन'' विषय पर व्याख्यान दिया।

प्रशिक्षणार्थी वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए निदेशक कार्यालय स्थित व्याख्यान कक्ष-1 में दिनांक 18-06-2009 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संघ की राजभाषा नीति, प्रशासन एवं लेखा संबंधित विभिन्न विषयों, छुट्‍टी, अग्रिम, यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी में कार्य करना आदि विषयों पर कुल 06 व्याख्यान किए गए।

**प्रस्तुति -**
**जयनारायण सोनी***(jnsoni@rrcat.gov.in)*